(Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Let us not have **a** dispute. We have all agreed.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : सभापति जी, इसलिए मेरा निवेदन यह है कि सारा सदन यह चाहता है कि जो प्रश्न काल है इसको रोक करके इस विषय पर आज यहां पर विचार-विमर्श हो। इसलिए मेरा निवेदन यह है कि जिस ओर श्री शिव शंकर जी ने ध्यान आकर्षित किया है उसकी जानकारी अब सब को होगी।

श्री सभापति : अब आप यह भी बता दीजिए कि आपकी प्राइवेट मैंबर्ज बिजनैस के बारे में क्या राय है?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : यह जो मोशन है...

श्री सभापति : आप पूरी बात करिए। प्राइवेट मैंबर्ज बिजनैस की भी बात करिए

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : प्राइवेट मैंबर्ज की बात तो बाद में आएगी।

MR. CHAIRMAN: So, I was only following the rules as they are. Now, because the whole House is of this opinion, there is no need of a motion and voting. The House has decided and so the Question Hour is suspended.

SHRI MURASOLI MAR AN: Sir, before you move further, we have made a request,,.

MR. CHAIRMAN: I am coming to that. Wait a minute. Connected with this, I have to make an announcement.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

मद्रास स्थित इन्टिग्रल कोच फैक्टरी

*1. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठ मलानी :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मद्रास स्थित इन्टिग्रल कोच फैक्टरी द्वारा अपने उत्पादों का निर्यात किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान, वर्षवार, इस फैक्टरी द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की सदों का ब्यौरा क्या है और उनमें से कितनी-कितनी मात्रा में उत्पादों का निर्यात किया गया; और

(ग) क्या यह भी सच है कि इन वर्षों के दौरान उक्त फैक्टरी में उसकी अधिष्ठापित क्षमता के अनुसार उत्पादन हुआ है, यदि नहीं, तो इस फैक्टरी की उत्पाद-क्षमता क्या है और उसका पूरा-पूरा उपयोग न किये जाने के क्या कारण हैं?

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख) जी हां, सवारी डिब्बा कारखाना, मद्रास ने समय-समय पर अपने उत्पादों का विभिन्न देशों को निर्यात किया है।

पिछले तीन वर्षों में उत्पादन और सवारी डिब्बों का निर्यात निम्न प्रकार रहा है:--

वर्ष	उत्पादन	निर्यात
1987-88	825	4
1988-89	900	कुछ नहीं
1989-90	925	कुछ नहीं

निर्यात किये गये चार सवारी डिब्बे वे हैं जो बंगलादेश के लिए 61 सवारी डिब्बों के आर्डर में से बकाया थे। 57 सवारी डिब्बे 1986-87 में बनाकर सप्लाई कर दिये गये थे।

सवारी डिब्बा कारखाना, मद्रास द्वारा बनाये गये सवारी डिब्बों का टाइप-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया है गया है

(ग) विगत तीन वर्षों में सवारी डिब्बा कारखाना की उत्पादन क्षमता का पूरा-पूरा उपयोग किया गया है।

विवरण

सवारी डिब्बा कारखाना में 1987-88 से 1989-90 तक सवारी डिब्बों का किस्म वार उत्पादन

सवारी डिब्बे की किस्म	1987-88	1988-89	1989-90
ब० ला०/बिजली गाड़ी यूनिट	28	97	140
मी० ला०/बिजली गाड़ी यूनिट	—	6	—
मेट्रो	28	3	—
ब० ला०/वातानुकूल शयनयान	12	54	25
वातानुकूल कुर्सीयान	15	10	27
ब० ला०/वातानुकूल मिला-जुला	—	—	2
ब० ला०/पहला दर्जा	—	—	60
ब० ला०/वातानुकूल पहला दर्जा	—	2	—
ब० ला०/वातानुकूल पावर कार	1	4	—
ब० ला०/निरीक्षण यान	—	12	26
ब० ला०/दूसरा दर्जा	262	245	84
ब० ला०/दूसरा दर्जा शयनयान	240	213	172
ब० ला०/भोजनयान	30	—	30
मी० ला०/शयनयान वातानुकूल	25	5	22
मी० ला०/वातानुकूल मिला-जुला	5	15	—
मी० ला०/वातानुकूल कुर्सीयान	—	—	8
मी० ला०/दूसरा दर्जा	173	57	210
मी० ला०/दूसरा दर्जा शयनयान	4	207	69
मी० ला०/दूसरा दर्जा सामान और ब्रेक यान	—	—	46
निर्यात	4	—	—
जोड़ :	825	900	925